**Series SMA**

कोड नं. **232**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **20** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **20** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यवसाय हेतु लेखांकन – II

# ACCOUNTING FOR BUSINESS – II

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 60*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 60*

*निर्देश :* **सभी** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । जहाँ आवश्यक हो, कार्यकारी टिप्पणियाँ दीजिए ।*

***Instructions :*** ***All*** *questions are compulsory. Give working notes wherever necessary.*

**1.** स्थिति विवरण की किन्हीं दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए । *1*

State any two limitations of a Balance Sheet.

**2.** 'डेबिट कार्ड' तथा 'क्रेडिट कार्ड' में कोई एक अन्तर बताइए । *1*

Give any one point of distinction between a 'Debit Card' and a 'Credit Card'.

**3.** 'विक्रय-योग्य प्रतिभूतियों' का क्या अर्थ होता है ? *1*

What is meant by 'marketable securities' ?

**4.** 'लागत लेखांकन' का क्या अर्थ होता है ? *1*

What is meant by 'Cost Accounting' ?

**5.** लेखांकन सॉफ्टवेयर के किन्हीं दो प्रकारों के नाम दीजिए । *1*

Name any two types of accounting software.

**6.** संयुक्त पूँजी कम्पनी की परिभाषा दीजिए । *1*

Define a joint stock company.

**7.** वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का क्या अर्थ होता है ? *2*

What is meant by analysis of financial statements ?

**8.** जैड लि. का चालू अनुपात 3 : 1 तथा इसका तरलता अनुपात 1·5 : 1 है । यदि स्टॉक द्वारा दर्शाई गई चालू सम्पत्तियों का तरल सम्पत्तियों पर आधिक्य ₹ 4,50,000 है, तो इसकी चालू सम्पत्तियों तथा चालू देयताओं की राशि की गणना कीजिए । *2*

Current ratio of Z Ltd. is 3 : 1 and its quick ratio is 1·5 : 1. If the excess of its current assets over quick assets represented by stock is ₹ 4,50,000, calculate the amount of its current assets and current liabilities.

9. 31 जनवरी 2012 को जनता लि. ने अजंता लि. से ₹ 100 प्रत्येक के 1,000, 9% ऋणपत्र जो अशोका लि. द्वारा निर्गमित थे ₹ 110 पर ब्याज सहित क्रय किए। ब्याज प्रति वर्ष 1 जून तथा 1 दिसम्बर को देय होता है। प्रत्येक पक्ष ने बैंक का कमीशन 25 पैसे % (प्रतिशत) की दर से भुगतान किया।

इस लेनदेन को जनता लि. तथा अजन्ता लि. की पुस्तकों में दर्शाइए। अपनी कार्यकारी टिप्पणी स्पष्ट कीजिए। *3*

On 31st January 2012, Janta Ltd. made a Cash Purchase of ₹ 1,000, 9% debentures of ₹ 100 each of Ashoka Ltd. from Ajanta Ltd. at ₹ 110 cum-interest, interest being payable on 1st June and 1st December each year. Each party paid Bank Commission of 25 paise% (percent).

Rocord the transaction in the books of Janta Ltd. and Ajanta Ltd. Show your working notes clearly.

10. 1 अप्रैल 2011 को श्याम लि. के पास कोमल लि. के ₹ 100 प्रत्येक के 500, 12% ऋणपत्र ₹ 55,000 की लागत के थे। ब्याज प्रतिवर्ष 30 जून तथा 31 दिसम्बर को देय होता है। 30 जून 2011 को भी जैन लि. के ₹ 100 प्रत्येक के 300, 12% ऋणपत्रों का क्रय ₹ 31,000 में किया गया। 1 अक्टूबर 2011 को 400 ऋणपत्रों का विक्रय ब्याज-रहित ₹ 45,000 में किया गया। 1 नवम्बर 2011 को 50 ऋणपत्रों का विक्रय ब्याज सहित ₹ 5,200 में किया गया।

प्रथम आवक प्रथम जावक विधि को अपनाते हुए 31 मार्च 2012 को निवेशों का मूल्यांकन लागत पर करते हुए निवेश खाता तैयार कीजिए। *3*

On 1st April 2011 Shyam Ltd. held 500, 12% debentures of ₹ 100 each of Komal Ltd. at a cost of ₹ 55,000. Interest is payable on 30st June and 31st December each year. On 30thJune 2011, 300, 12% debentures of ₹ 100 each of Jain Ltd. were also purchased at ₹ 31,000. On 1st October 2011, 400 debentures were sold for ₹ 45,000 ex-interest. On 1st November 2011, 50 debentures were sold for ₹ 5,200 cum interest.

Applying the FIFO method, prepare Investment Account valuing holding on 31st March 2012 at cost.

11. वित्तीय लेखांकन तथा लागत लेखांकन में निम्न के आधार पर अन्तर बताइए : *3*

(क) लागत तथा लाभ विश्लेषण

(ख) नियन्त्रण पहलू

(ग) उद्देश्य

Distinguish between Financial Accounting and Cost Accounting on the basis of the following :

(a) Analysis of Cost and Profit

(b) Control Aspect

(c) Purpose

**12.** एक निजी कम्पनी से क्या तात्पर्य होता है ? निजी कम्पनियों को प्राप्त किन्हीं चार विशेषाधिकारों का उल्लेख कीजिए । *3*

What is meant by a Private company ? State any four privileges available to private companies.

**13.** 31.3.2011 को सुधा लि. के निम्नलिखित स्थिति विवरण में दी गई सूचना से निवेश पर प्रत्याय की गणना कीजिए : *4*

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 12,00,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 13,00,000 |
| संचित निधि | 1,25,000 | चालू सम्पत्तियाँ | 13,50,000 |
| 10% ऋणपत्र | 3,75,000 | आरम्भिक व्यय | 1,00,000 |
| चालू देयताएँ | 6,00,000 | | |
| वर्ष का लाभ | 4,50,000 | | |
| | 27,50,000 | | 27,50,000 |

From the information given below in the Balance Sheet of Sudha Ltd. as on 31.3.2011, calculate Return on Investment :

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 12,00,000 | Fixed Assets | 13,00,000 |
| Reserve Fund | 1,25,000 | Current Assets | 13,50,000 |
| 10% Debentures | 3,75,000 | Preliminary Expenses | 1,00,000 |
| Current Liabilities | 6,00,000 | | |
| Profit for the year | 4,50,000 | | |
| | 27,50,000 | | 27,50,000 |

**14.** 'बहु-वैकल्पिक जमा खाता' का क्या अर्थ है ? इसके लाभों का वर्णन कीजिए । *4*

What is meant by 'Multi Option Deposit Account' ? Describe its advantages.

**15.** 'संस्थापन प्रलेख' तथा 'अन्तर्नियमों' के महत्त्व को संक्षेप में समझाइए । *4*

Briefly explain the importance of 'Memorandum of Association' and 'Articles of Association'.

**16.** 'लेखांकन सॉफ्टवेयर' द्वारा पूर्ण किए गए उद्देश्य का वर्णन कीजिए । *4*

Describe the purpose served by 'Accounting Software'.

**17.** अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर की संक्षेप में व्याख्या कीजिए । *5*

Briefly explain the types of software used in Computerized Accounting System.

**18.** एक बैंक में खोले जाने वाले निम्नलिखित प्रकार के जमा खातों का वर्णन कीजिए : *5*

(क) बचत खाता

(ख) चालू खाता

Describe briefly the following types of deposit accounts that can be opened in a Bank :

(a) Saving Account

(b) Current Account

**19.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के किन्हीं छः उद्देश्यों को संक्षेप में समझाइए । *6*

**अथवा**

निम्नलिखित सूचना से लेनदारों को रोकड़ बहिर्वाह की गणना कीजिए :

| विवरण | राशि ₹ |
|---|---|
| उधार क्रय | 4,00,000 |
| लेनदारों का आरम्भिक शेष | 19,000 |
| लेनदारों का अन्तिम शेष | 27,000 |
| लेनदारों से प्राप्त बट्टा | 4,500 |
| क्रय वापसी | 6,000 |
| देय बिलों का आरम्भिक शेष | 24,000 |
| देय बिलों का अन्तिम शेष | 29,000 |

Explain briefly any six objectives of preparing a Cash Flow Statement.

**OR**

Calculate Cash Outflow to Creditors from the following information :

| *Particulars* | *Amount* ₹ |
|---|---|
| Credit Purchases | 4,00,000 |
| Opening Balance of Creditors | 19,000 |
| Closing Balance of Creditors | 27,000 |
| Discount Received from Creditors | 4,500 |
| Purchase Returns | 6,000 |
| Opening Balance of Bills Payable | 24,000 |
| Closing Balance of Bills Payable | 29,000 |

**20.** लागत विवरण तैयार करने में सम्मिलित सोपानों का वर्णन कीजिए । *6*

**अथवा**

निम्नलिखित सूचना से करुणा लि. का उत्पादन लागत तथा लाभ प्रति इकाई दर्शाते हुए लागत विवरण तैयार कीजिए :

| | |
|---|---|
| उत्पादित इकाइयाँ | 1000 |
| बेची गई इकाइयाँ | 800 |
| उपयोग किया गया कच्चा माल | ₹ 40,000 |
| मज़दूरी काम हुआ घन्टे | 1000 |
| प्रति घण्टा मज़दूरी दर | ₹ 8·00 |

कारखाना उपरिव्यय ₹ 2 प्रति मज़दूरी घण्टा ।

कार्यालय उपरिव्यय कार्य लागत का 10%.

विक्रय तथा वितरण उपरिव्यय ₹ 10 प्रति बेची गई इकाई ।

लाभ सीमा — लागत का 15%.

Describe the steps involved in the preparation of a Cost Sheet.

**OR**

From the following information prepare a Cost Sheet of Karuna Ltd. showing the Cost of Production and Profit per unit :

| | |
|---|---|
| Units Produced | 1000 |
| Units sold | 800 |
| Raw materials consumed | ₹ 40,000 |
| Labour hours worked | 1000 |
| Wage rate per hour | ₹ 8·00 |

Factory overhead ₹ 2 per labour hour.

Office overheads 10% of works cost.

Selling and distribution overheads ₹ 10 per unit sold.

Profit margin — 15% on Cost.